# छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

मुख्यालय–सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ0ग0)

Telephone: 0771-2272961, Email: mdcgswc@gmail.com, Website : www.cgswc.cg.gov.in


क्रमांक / छगवेका / स्था0 / नो0मीटिंग / 2024 / 1220 नवा रायपुर, दिनांक – 15/02/24

## नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक 13.02.2024 का कार्यवाही विवरण।

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 12 बजे निगम के प्रबंध संचालक श्री धर्मेश साहू, आई0ए0एस0 की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संलग्न उपस्थिति पत्रक के अनुसार नोडल अधिकारी एवं मुख्यालय के सभी अनुभागों के अनुभाग प्रमुख उपस्थित हुए।

बैठक के प्रारम्भ में पूर्व में आयोजित नोडल अधिकारियों की बैठक दिनांक 01.12.2023 के कार्यवाही विवरण पर अनुपालन की समीक्षा अनुभागवार की गई तथा निम्नानुसार निर्देश दिये गये:–

### (1) वाणिज्य अनुभाग:–

**1.** नान के दर अंतर की राशि के संबंध में समायोजन सही है अथवा नहीं इसका परीक्षण कर 3 दिवस में मुख्यालय को जानकारी प्रेषित करें, किंतु नोडल अधिकारी जगदलपुर द्वारा उक्त जानकारी अभी तक प्रेषित नहीं की गई, जिस पर प्रबंध संचालक द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा उक्त जानकारी 3 दिवस में अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिये गये साथ ही समस्त नोडल अधिकारियों / शाखा प्रबंधको को निर्देशित किया गया की मुख्यालय से जारी–पत्रों / परिपत्रों / आदेशों / निर्देशों / कार्यवाही विवरण आदि पर समयसीमा में कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही – नोडल अधि0 जगदलपुर / समस्त नोडल अधि0 / शाखा प्रबंधक)

2. बिलिंग और आरक्षण आदि के लिए एक "APP." बनाने के निर्देश दिये गये जिससे मोबाइल या Tab. में किसी भी स्थान से जानकारी देख सकें। ऑनलाईन आरक्षण पोर्टल में 3 माह से कम अवधि का आरक्षण न हो, इस बाबत् पोर्टल में आवश्यक संशोधन करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – नोडल अधिकारी (आई0टी0)

**3.** सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आरक्षण एवं बिलिंग की जानकारी पोर्टल में नियमित रूप से देखें। यदि कोई गलत प्रवृष्टि हो तो उसमे सुधार कर लेवें।

(कार्यवाही – समस्त नोडल अधिकारी)

4. नवनिर्मित गोदामों की सूची संलग्न है। निर्देश दिये गये कि संबंधित जिले के नोडल अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों, जमाकर्ता प्रतिनिधि एवं अभियंता चारों मिलकर उस नवनिर्मित गोदाम का निरीक्षण कर लें और यह देख लें की गोदाम भण्डारण हेतु तैयार हो गया है अथवा नही। इस बाबत् चेकलिस्ट के साथ प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही – कार्यपालन अभियंता / नोडल अधि0)

क्रमशः–2

5. बैठक के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि अवकाश के दिनों में ऑनलाईन कार्यों में तकनीकी सपोर्ट नही मिल पाता है इस संबंध में प्रबंध संचालक द्वारा निर्देश दिये गये कि अवकाश के दिनों मे आई0टी0 शाखा से संबंधित दो कर्मचारी, कार्यालयीन समय में मुख्यालय में उपस्थित रहेगें तथा इसके लिए नोडल अधिकारी आई0टी0 को कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर बनाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – नोडल अधिकारी(आई0टी0)

## (2) वैज्ञानिक भण्डारण एंव गुणवत्ता नियंत्रण अनुभागः–

1. डेड स्टाक/अनुपयोगी सामग्री/कीटनाशक/आवश्यक उपकरण/अग्निशामक यंत्र आदि की आवश्यकता की जानकारी हेतु तैयार किये गये पोर्टल में यह प्रावधान करने के निर्देश दिये गये कि नोडल अधिकारी अपने जिले के समस्त शाखाओं की जानकारी देख सकें।

(कार्यवाही – नोडल अधिकारी (आई0टी0)

2. प्रबंधक(वै0भ0गु0नि0) द्वारा अवगत कराया गया कि शाखा गीदम पर बाउण्ड्रीवाल नही होने के कारण WDRA का पंजीयन लंबित है। इस पर प्रबंध संचालक द्वारा गीदम गोदाम से संबंधित भूमि संबंधी जानकारी, गोदाम कब निर्मित हुआ आदि सम्पूर्ण रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – कार्यपालन अभियंता)

## (3) स्थापना अनुभागः–

1. पोर्टल में कर्मचारियों के प्रोफाईल में नॉमिनेशन फार्म को अपलोड करने की व्यवस्था के निर्देश दिये गये। यदि भविष्य में कर्मचारी द्वारा नॉमिनेशन फार्म में संशोधन किया जाता है तो पुराने डाक्यूमेंट को हटाकर नये डाक्यूमेंट को अपलोड करने के निर्देश दिये गये।।

(कार्यवाही – प्रबंधक कार्मिक/ नोडल अधिकारी (आई0टी0))

2. प्रबंधक कार्मिक द्वारा अवगत कराया गया कि शाखा प्रबंधकों द्वारा किराये के गोदाम लेने पर मुख्यालय से दैनिक श्रमिकों की संख्यात्मक स्वीकृति ली जाती है, किंतु उक्त किराये के गोदामों के रिक्त होने पर दैनिक वेतन कर्मचारियों को हटाने की कार्यवाही नहीं की जाती है, जिससें शाखाओं पर अतिशेष दैनिक श्रमिकों की बढ़ोतरी हो रही है, जिससे निगम पर अनावश्यक वित्तीय भार पड़ रहा हैं। इस संबंध में प्रबंध संचालक द्वारा निर्देश दिये गये कि किसी भी शाखा पर अतिशेष श्रमिक नही होनी चाहिए। यदि इसके कारण ऑडिट पैरा/ निगम पर वित्तीय भार आयेगा तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित शाखा प्रबंधक की होगी।

(कार्यवाही – समस्त शाखा प्रबंधक)

## (4) निर्माण अनुभागः–

1. समस्त गोदामों की भूमि का फोल्डर 3 सेट में तैयार करने के निर्देश पूर्व बैठक में दिये गये थे, इस पर कोई प्रगति नहीं होने पर प्रबंध संचालक द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – कार्यपालन अभियंता)

क्रमश–3

2. शाखा दुर्ग में स्थित गंज पारा गोदाम जोकि जर्जर स्थिति में है, एवं अनुपयोगी हो गया है के संबंध में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश पूर्व बैठक में दिये गये थे।उक्त के संबंध में कोई कार्यवाही प्रस्तुत नहीं होने पर इन्हे शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – कार्यपालन अभियंता)

3. धर्मजयगढ़ एवं सक्ति में निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश पूर्व बैठक में दिये गये थे, किंतु उसका पालन अभी तक नही हुआ। जिसपर प्रबंध संचालक द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं संबंधित उप–अभियंता को SCN जारी करने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही – प्रबंधक कार्मिक / कार्यपालन अभियंता)

## (5) आई0टी0 अनुभागः–

1. निगम के समस्त शाखा प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियमित रूप से ऑनलाईन कार्यो का प्रशिक्षण आई0टी0 शाखा द्वारा दिये जाने के निर्देश दिये गये थे, उक्त के साथ–साथ नोडल अधिकारियों को भी समय–समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गये ।

(कार्यवाही – नोडल अधिकारी (आई0टी0)

## अन्य विषयों पर चर्चाः–

1. कुनकुरी में नवनिर्मित 5400 मे0टन क्षमता के गोदाम में शाखा प्रबंधक/चौकीदार निवास एवं शौचालय निर्माण हेतु परीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे, किंतु अभी तक प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है, अतः कार्यपालन अभियंता को पुनः निर्देशित किया गया कि उक्त के संबंध में प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। (कार्यवाही – कार्यपालन अभियंता)

# नवीन एजेण्डा बिंदु

## (1) वाणिज्य अनुभागः–

**1.** शाखा– गीदम, रामानुजगंज एवं पेंड्रा रोड पर जमाकर्ता मार्कफेड के भण्डारित स्कंध का दिनॉक 31 मार्च 2023 के पूर्व के लंबित भण्डारण शुल्क की राशि रूपये 1,77,358/– को मार्कफेड को देय गोदाम किराये की राशि के विरूद्ध समायोजित करने के निर्देश दिए गए।

(कार्यवाही – वाणिज्य प्रबंधक)

2. गोदामों की व्यवसायिक समीक्षा करने पर ज्ञात हुआ कि– कोरिया, राजनांदगांव, जशपुर, बीजापुर एवं कांकेर जिले की व्यवसायिक उपयोगिता का प्रतिशत कम है। अतः संबंधित जिले के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जमाकर्ताओं से सम्पर्क कर व्यवसायिक उपयोगिता का प्रतिशत बढ़ाने हेतु यथा संभव प्रयास करें।

(कार्यवाही – संबंधित जिले के नोडल अधिकारी एवं वाणिज्य प्रबंधक)

क्रमशः–4

3. भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जारी निर्देशानुसार निगम मुख्यालय से सितम्बर 2021 में 16 प्रतिशत बढ़ी हुई क्षमता अनुसार जमाकर्ताओं से आरक्षण एवं भण्डारण शुल्क प्राप्त किये जाने के निर्देश समस्त नोडल अधिकारियों को दिए गए थे। उक्त के संबंध में महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑडिट आपत्ति ली गयी है कि माह नवम्बर–2021 से मार्च 2022 तक बढ़ी हुई क्षमता अनुसार भण्डारण शुल्क प्राप्त नहीं किया गया है। अतः 16 प्रतिशत बढ़ी हुई क्षमता से जमाकर्ताओं से उक्त अवधि के भण्डारण शुल्क राशि प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

**(कार्यवाही – समस्त नोडल अधिकारी)**

(3) लेखा अनुभागः–

**1.** सभी शाखा प्रबंधक अमान्य की गयी इम्प्रेस्ट की राशि को तत्काल इम्प्रेस्ट में जमा करायें। रोके गये वाउचर्स के संबंध में जो आपत्तियां/कमियां मुख्यालय द्वारा दर्शायी गयी हैं, उनका निराकरण/ पूर्ति कर लेखा शाखा को सूचित करें, ताकि ऐसे वाउचर्स को पारित/अमान्य किया जा सके। सभी शाखायें सामान्य इम्प्रेस्ट आगामी माह की पहली तारीख को ऑनलाइन मुख्यालय प्रेषित करें।

**(कार्यवाही – समस्त शाखा प्रबंधक)**

(4) आई0टी0 अनुभागः–

**1.** शाखाओं पर डी0एस0 माड्यूल के संबंध में जो भी कठिनाईयां आ रही हैं उसके बारे में विस्तार से WHR नंबर सहित लिखित में मुख्यालय को सूचित करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके।

**(कार्यवाही –समस्त शाखा प्रबंधक/आई0टी0 शाखा)**

सभी संबंधित अनुभाग प्रमुख/नोडल अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक उनसे संबंधित बिंदुओं का पालन प्रतिवेदन मुख्यालय भेजेंगे।

अंत में बैठक सह धन्यवाद समाप्त हुई,

**संलग्नः**–उपरोक्तानुसार,

(धर्मेश साहू) 15/2/2024
प्रबंध संचालक

क्रमांक/छगवेका/स्था0/नो0मीटिंग/2024/ नवा रायपुर, दिनांक –

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव–प्रबंध संचालक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय नवा रायपुर।
2. समस्त अनुभाग प्रमुख, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर की ओर प्रेषित कर निर्देशित है कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन शीघ्र करें।
3. समस्त नोडल अधिकारी/शाखा प्रबंधक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन की ओर प्रेषित कर निर्देशित है कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन शीघ्र करें।(ई–मेल से)
4. प्रोजेक्ट मैनेजर (आई0टी0), छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन की ओर प्रेषित कर निर्देशित है कि इस कार्यवाही वृतांत की प्रति को निगम की वेबसाइट में तत्काल अपलोड करें।
5. मास्टर नस्ती हेतु (स्थापना शाखा)

प्रबंध संचालक

# छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय–रायपुर

## उपस्थिति पत्रक

नोड़ल अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक–13.02.2024

| क्रमांक | नोड़ल अधिकारी / मुख्यालय के अधिकारी का नाम | जिला | मोबाइल नंबर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shraddha Agrawal | H.O | 9425224506 | |
| 2 | Santosh Tiwari | HO | 9481925506 | |
| 3 | Ritesh Kr Agrawal | H-O | 9993567850 | |
| 4 | | | | |
| 5 | Manoj Singh | HO | 9179147410 | |
| 6 | Dinesh Sehgal | Raipur | 9977601320 | |
| 7 | V.K. Sharma | Kawardha | 9406148354 | |
| 8 | Prem raj Sao | Baikunthpur | 9826505913 | |
| 9 | Ajay Sharma | Jashpur - | 9424256073 | |
| 10 | S.K. Dewedi | BalRampur | 9329504563 | |
| 11 | M.S. Gurjar | Lohandiguda | 9407609396 | |
| 12 | SuryaKant Nagendra | Rajnandgaon | 9406038277 | |
| 13 | A.K. Mishra | Mohala Manpur | 9479262917 | |
| 14 | J.K. Bhendia | Khairagarh | 6261113019 | |
| 15 | B.K. Sahu. | Kondagaon. | 9098189354 | |
| 16 | Sahadev Baghel | Dantewada | 9770655510 | |
| 17 | Pankaj Singh | SUKMA | 7000288129 | |
| 18 | R.L. Kashyap | ~~Pendraroad~~ GPM | 9981604225 | |
| 19 | M.L. Mukati | Kawardha. | 9424003498 | |
| 20 | R.A. Singh | BIJAPUR | 9425528983 | |
| 21 | SMT. Manisha Pandey | Mungeli (Maker charge) | 8103770836 | |
| 22 | Smt Kamli Nayak | Raipur | 7587181307 | |

क्रमशः–2

# छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय–रायपुर

## उपस्थिति पत्रक

नोड़ल अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक– 13.02.2024

| क्रमांक | नोड़ल अधिकारी / मुख्यालय के अधिकारी का नाम | जिला | मोबाइल नंबर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 23 | N.L. Chaudhary | Surajpur | 9425253251 | [signature] |
| 24 | B.R. Shiv | M.C.B. Manendragarh | 9926810857 | [signature] |
| 25 | R.S. Nayan. | Janjgir | 7000235924 | [signature] |
| 26 | A.K. Singhal | BSP | 9826182146 | [signature] |
| 27 | B.L. Aggrawal | Gariyaband | 9425514810 | [signature] |
| 28 | Hemlata Sahu. | Durg | 7999494130 | [signature] |
| 29 | Chandra Prakash Joshi | Kanker | 9826209757 | [signature] |
| 30 | A.K. Dubey | Sakti | 7000417727 | [signature] |
| 31 | Vikas Gideon | Raigarh | 9977846586 | [signature] |
| 32 | AJAY Patel | Sarangarh | 9179791712 | [signature] |
| 33 | T. C. Canvel | HO Rpr | 9425510459 | [signature] |
| 34 | M.A. HUSSAIN. | HO – Raipur. | 9926143094 | [signature] |
| 35 | G.P. Ratnam AE | Ambikapur | 98263-74076 | [signature] |
| 36 | A.K. [illegible] | HO. | 94255 3[illegible] | [signature] |
| 37 | | | | |
| 38 | | | | |
| 39 | | | | |
| 40 | | | | |
| 41 | | | | |
| 42 | | | | |
| 43 | | | | |
| 44 | | | | |
| 45 | | | | |